प्रेस विज्ञप्ति

(पूर्व भूमिका)

बांग्लादेश तटरक्षक पोत तजुद्दीन का दौरा

चेन्नई 12 फरवरी 17 14 फरवरी 17 को अपरान्ह में बांग्लादेश तटरक्षक पोत 'तजुद्दीन' सद्भावनापूर्ण एवं सामरिक दौरे पर चेन्नई बंदरगाह पर पहुँचेगी। पोत, चेन्नई में 17 फरवरी 17 की पूर्वान्ह तक ठहरेगी। चेन्नई प्रवास के दौरान भारतीय तटरक्षक ने दोनों समुद्री तटरक्षकों के बीच अच्छे सामरिक संबंधों को विकसित करने हेतु विभिन्न अंतर्व्यवहार कार्यक्रमों की योजना बनाई है। बांग्लादेश तटरक्षक पोत, तजुद्दीन, (पेनेंट नम्बर-पीएल 72) अग्रणी अपतटीय गश्ती पोत, की कमीशनिंग 12 जनवरी 17 को की गई थी। पोत की लंबाई 87 मीटर (285 फिट), कर्षण 3.2 मीटर (10 फिट), चौड़ाई 10.5 मीटर (34 फिट), गहराई 5.5 मीटर (18 फिट) तथा गति 25 नॉट है।

बांग्लादेश तटरक्षक पोत तजुद्दीन के आगमन पर 14 फरवरी को अपरान्ह में, भारतीय तटरक्षक द्वारा एक स्वागत समारोह का आयोजन किया जाएगा। प्रवास के दौरान, बांग्लादेश तटरक्षक पोत तजुद्दीन के कमान अफसर, तटरक्षक क्षेत्रीय कमांडर राजन बड़गोत्रा, टीएम तथा चेन्नई के अन्य महत्वपूर्ण पदाधिकारियों से मुलाकात करेंगे। इसके अतिरिक्त 15 फरवरी 17 को भारतीय तटरक्षक के क्षेत्रीय कमांडर द्वारा भारतीय तटरक्षक पोत समुद्र पहरेदार पर स्वागत समारोह का आयोजन किया जाएगा। प्रशिक्षण आदान-प्रदान की कड़ी में, बांग्लादेश कर्मी भारतीय तटरक्षक पोत समुद्र पहरेदार पर तथा भारतीय तटरक्षक कर्मी, बांग्लादेश पोत तजुद्दीन का दौरा करेंगे। बांग्लादेश कर्मियों के लिए समुद्री बचाव समन्वय केंद्र/दूरस्थ परिचालन स्टेशन के दौरे की भी योजना बनाई गई है। 16 फरवरी 17 को, भारतीय तटरक्षक एवं बांग्लादेश तटरक्षक के बीच मैत्रीपूर्ण बालीवॉल खेल का आयोजन भी किया गया है।